# श्री लाल नाथ हिन्दू कॉलेज, रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक द्वारा मान्यता प्राप्त

स्नातक सहशिक्षा महाविद्यालय / स्नातकोत्तर, स्थित भिवानी रोड, रोहतक ।

(NAAC द्वारा 'B' ( 2.7 )ग्रेड प्राप्त)

## सत्र 2021 – 22

हिंदी विभाग

वार्षिक रिपोर्ट



# हिंदी विभाग



डॉ. अंजु देशवाल (सह-आचार्या)

(हिंदी विभागाध्यक्षा)

**Ph. 94667234448**

**Email-id- anjudeshwal1974@gmail.com**



डॉ. सुमन रानी

(सहायक प्राध्यापिका)



कुमारी चंद्रिका

(सहायक प्राध्यापिका)



श्रीमती किरण देवी

(सहायक प्राध्यापिका)



श्रीमती अनिता

(सहायक प्राध्यापिका)

# हिंदी विभाग

किसी राष्ट्र के निर्माण में विद्यार्थी उस राष्ट्र की अमूल्य धरोहर होता है। बदलते परिवेश में विद्यार्थी स्वयं द्वारा अर्जित ज्ञान एवं समझ के द्वारा राष्ट्र निर्माण में युगांतकारी भूमिका निभाता है ।अतः विद्यार्थियों का संज्ञानात्मक विकास तभी संभव है जब सह-पाठयक्रम गतिविधियां करवाई जाए।

सत्र 2021-22 में महाविद्यालय के हिंदी विभाग द्वारा कुल पाँच गतिविधियों का आयोजन करवाया गया। जिसके माध्यम से छात्रों में निहित कौशलों की पहचान की गई एवं उनमें आत्मविश्वास की भावना का विकास किया गया साथ ही छात्रों को चिंतन स्तर, अवबोध स्तर विकसित करने के अवसर दिए गए ,जिससे छात्रों का मानसिक,बोद्धिक, नैतिक सर्वागीण विकास हो एवं ऊर्जा का संचय हो ।

डॉ. अंजु देशवाल (सह-आचार्या)
(हिंदी विभागाध्यक्षा)


# <u>हिंदी विभाग – गतिविधियां</u>

(2021 – 2022)

| क्रमांक | दिनांक | गतिविधियां | प्रतिभागियों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1. | 14 सितंबर,2021 | विस्तार व्याखान-राष्ट्रहित में राष्ट्रभाषा हिंदी ही क्यों आवश्यक ? | 80 |
| 2. | 12नवंबर,2021 | क्षेत्र सर्वेक्षण | 55 |
| 3. | 10 जनवरी,2022 | ऑनलाइन राज्यस्तरीय भाषण प्रतियोगिता | 30 |
| 4. | 21अप्रैल,2022 | लघुकथा लेखन प्रतियोगिता | 65 |
| 5. | 30मई,2022 | भाषण प्रतियोगिता | 15 |

# विस्तार व्याख्यान

## 14 **सितम्बर,** 2021




महाविद्यालय के हिंदी विभाग द्वारा 72वें "हिंदी दिवस" के अवसर पर विद्यार्थियों में हिंदी भाषा के प्रति जागरुकता लाने के लिए विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसका विषय "राष्ट्र हित में राष्ट्र भाषा हिंदी ही क्यों आवश्यक?" रहा एवं मुख्य वक्ता सुभाष आहूजा जी रहे।विस्तार व्याख्यान के माध्यम से विद्यार्थियों में ज्ञान वृद्धि के साथ-साथ बौद्धिक विकास भी होता हैमाधव सभागार में आयोजित इस विस्तार व्याख्यान में हिंदी संकाय के सभी विद्यार्थियों ने सहभागिता की।कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य डॉ रश्मि छाबड़ा, श्रीमती उमा शर्मा तथा श्रीमती नीलम मग्गू के द्वारा मुख्य अतिथि को पुष्पगुच्छ देकर धन्यवाद किया गया।







15 सितंबर 2021

# हरिभूमि

## एक भाषा के रूप में हिंदी केवल भारत की पहचान ही नहीं, संस्कृति की संवाहक भी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

श्री लाल नाथ हिंदू महाविद्यालय के हिंदी विभाग द्वारा प्राचार्या डॉ. रश्मि छाबड़ा की अध्यक्षता में विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसका विषय राष्ट्र हित में राष्ट्र भाषा हिंदी ही क्यों आवश्यक रहा। प्राचार्या ने कहा कि एक भाषा के रूप में हिंदी केवल भारत की पहचान ही नहीं है बल्कि यह हमारे जीवन मूल्यों, संस्कृति एवं संस्कारों की संवाहक, संप्रेषक और परिचायक भी है।

उन्होंने कहा कि हमारी भाषा को बचाए रखने के लिए युवाओं को आगे आना चाहिए। विभागाध्यक्षा डॉ. अंजू देसवाल कहा कि हिंदी भाषा बहुत ही सरल, सुगम और सहज होने के साथ ही विश्व की संभवतः सबसे वैज्ञानिक भाषा है।र मुख्य वक्ता सुभाष अहूजा ने कहा कि मातृ भाषा ही हमारी संस्कारों की वाहक है, मातृभाषा में शिक्षा से ही बच्चे का विकास ज्यादा होता है, भाषा के विकास के बिना राष्ट्र के विकास की हम कल्पना भी नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि हम यह संकल्प लें कि ज्यादा से ज्यादा हिंदी भाषा का प्रयोग करें। इस अवसर पर उमा शर्मा, नीलम मग्गू, डॉ. शिखा, डॉ. सुमन रानी सहित अन्य मौजूद रहे।

# वर्तनी शुद्धि प्रतियोगिता

## 12 नवम्बर,2021

## श्री लाल नाथ हिन्दू कॉलेज, रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक द्वारा मान्यता प्राप्त
स्नातकोत्तर / स्नातक सहशिक्षा महाविद्यालय, स्थित भिवानी रोड, रोहतक |
(NAAC द्वारा 'B' (2.74) ग्रेड प्राप्त)

## हिंदी विभाग द्वारा आयोजित
## क्षेत्र सर्वेक्षण

दिनांक :12 नवंबर, 2021

### विषय : 'वर्तनी शुद्धि एवं संशोधन'

**प्रतियोगिता के नियम :**

1. स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर के छात्र / छात्रा भाग ले सकते है |
2. अपने आस-पास के ग्रामीण / शहरी क्षेत्र में किसी भी सार्वजनिक स्थान जैसे अस्पताल, पार्क, बस स्टैंड, पंचायत, फ्लेक्स, पर पाई जाने वाली अशुद्ध वर्तनी को शुद्ध करें |
3. वर्तनी संबंधी वीडियोग्राफी तथा फोटो मान्य होगी |
4. दिनांक 12 नवम्बर, 2021 तक वीडियोग्राफी तथा फोटो व्हाट्सएप्प ग्रुप पर भेजें |
5. प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व् तृतीय आने वाले छात्रों को प्रमाण पत्र दिए जायेंगे |
6. वीडियो एवं फोटो की शुरुआत में प्रतिभागी अपना नाम, अनुक्रमांक अवश्य लिखें|

**आयोजन समिति**
डॉ. अंजु देशवाल (विभागाध्यक्षा)
डॉ. सुमन रानी, सुश्री चन्द्रिका,
श्रीमती किरण, श्रीमती अनीता

**प्राचार्या**
डॉ. रश्मि छाबड़ा

महाविद्यालय के "हिंदी विभाग" द्वारा "वर्तनी शुद्धि प्रतियोगिता" के तहत छात्रों को वर्तनी संबंधी जानकारी देने के लिए क्षेत्र सर्वेक्षण कराया गया। "वर्तनी शुद्धि प्रतियोगिता" के तहत क्षेत्र सर्वेक्षण से छात्रों में ज्ञान वृद्धि एवं बौद्धिक विकास के साथ-साथ सामाजिकता का भी विकास होता है।इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय के विभिन्न संकायों से 55 विद्यार्थियों ने सहभागिता की। प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेताओं को प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया।क्षेत्र सर्वेक्षण का आयोजन कुमारी चंद्रिका एवं किरण देवी के दिशा निर्देशन में किया गया।निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ अंजू देसवाल, डॉ सुमन रानी एवं अनिता देवी ने निभाई।

| क्रम संख्या | विद्यार्थी का नाम | कक्षा | पोजिशन |
|---|---|---|---|
| 1. | यश नागपाल | बी.ए.द्वितीय वर्ष | प्रथम |
| 2. | दीक्षित | बी.ए.अंतिम वर्ष | द्वितीय |
| 3. | पूजा | बी.ए. अंतिम वर्ष | द्वितीय |
| 4. | सोनिया | एम.ए.द्वितीय वर्ष | तृतीय |
| 5. | चेतना | एम.ए.द्वितीय वर्ष | तृतीय |




## वर्तनी सर्वे प्रतियोगिता में यश प्रथम

रोहतक। लाल नाथ हिंदू महाविद्यालय के हिंदी विभाग द्वारा वर्तनी शुद्धि प्रतियोगिता के तहत सर्वेक्षण करवाया गया। प्राचार्या डॉ. रश्मि छाबड़ा ने कहा कि हिंदी हमारे देश की राष्ट्रभाषा होते हुए भी अनेक स्थानों पर वर्तनी में त्रुटियां देखने को मिलती हैं। इस बारे में जागरूक करने के मकसद से ही यह सर्वे करवाया गया है।

विभागाध्यक्ष डॉ. अंजू देशवाल ने कहा कि हिंदी विश्व में सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषाओं में तीसरे स्थान पर है, फिर भी वर्तनी में त्रुटियां होती हैं। चंद्रिका और किरण देवी के निर्देश में सर्वे हुआ। 55 विद्यार्थी विभिन्न गलियों और बाजारों में गए, साइन बोर्ड पर वर्तनी संबंधी त्रुटियों का सर्वे किया। प्रतियोगिता में यश नागपाल पहले, दीक्षित व पूजा दूसरे, सोनिया और चेतना तीसरे स्थान पर रहे। ब्यूरो

# ऑनलाइन राज्यस्तरीय भाषण प्रतियोगिता


## 10जनवरी ,2022




महाविद्यालय के "हिंदी विभाग" द्वारा "विश्व हिन्दी दिवस" के उपलक्ष्य में 'राज्य स्तरीय ऑनलाइन भाषण प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया।जिसका विषय "वैश्वीकरण के दौर में हिन्दी भाषा का बदलता स्वरुप" रहा ।भाषण प्रतियोगिता से छात्रों में ज्ञान वृद्धि, बौद्धिक विकास और आत्मविश्वास के साथ-साथ वाचन कौशल में भी वृद्धि होती है।

इस प्रतियोगिता में हरियाणा राज्य के विभिन्न जिलों से 30 प्रतिभागियों ने सहभागिता की।प्रथम ,द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेताओं को प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया।डॉ अंजू देसवाल एवं कुमारी चंद्रिका के दिशा निर्देशन में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ सुमन रानी एवं अनिता देवी ने निभाई।

| नाम | रोलनं० | संस्थान | श्रेणी |
|---|---|---|---|
| सिद्धार्थ | 25550 | यू.आई.आई.टी. | प्रथम |
| सविता | 20 | वैश्यमहाविद्यालय | द्वितीय |
| हर्षित | 449 | श्री लाल नाथ हिंदू महाविद्यालय | तृतीय |
| जतिन | 7543010 | अखिलभारतीयजाटसूरमाकॉलेज | सांत्वना |



# हिंदू कॉलेज में ऑनलाइन भाषण प्रतियोगिता में सिद्धार्थ पहले स्थान पर रहे




भास्कर न्यूज़ | रोहतक

श्री लालनाथ हिंदू कॉलेज में हिंदी विभाग की ओर से विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर ऑनलाइन भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ रश्मि छाबड़ा ने बताया कि प्रतियोगिता का विषय वैश्वीकरण के दौर में हिंदी भाषा का बदलता स्वरूप रहा। गुरुग्राम, करनाल, फरीदाबाद व सोनीपत से लगभग 30 विद्यार्थियों ने भाग लिया। पहले स्थान पर यूआरटी एमडीयू के सिद्धार्थ, दूसरे नंबर पर वैश्य कॉलेज की सविता, तीसरे स्थान श्री लालनाथ हिंदू कॉलेज के हर्षित रहे। वहीं सांत्वना पुरस्कार जाट कॉलेज के जतिन को दिया गया। निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ. सुमन रानी और अनीता ने निभाई। संचालन कुमारी चंद्रिका ने किया।

# लघुकथा लेखन प्रतियोगिता

21 अप्रैल , 2022



महाविद्यालय के "हिंदी विभाग" द्वारा "लघु कथा लेखन" प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। "लघु कथा लेखन" प्रतियोगिता के माध्यम से छात्रों में सामाजिक जागरुकता , बौद्धिकता एवं सृजनात्मकता का विकास होता है।महाविद्यालय में आयोजित इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय के विभिन्न संकायों से 65 विद्यार्थियों ने सहभागिता की। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय विजेताओं को प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया।
डॉ अंजू देशवाल एवं कुमारी चंद्रिका के दिशा निर्देशन में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।डॉ सुमन रानी, श्रीमती किरण देवी एवं अनीता के द्वारा निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई गई।

| विद्यार्थी | कक्षा | रोलनं० | श्रेणी |
|---|---|---|---|
| उर्वशी | बी.ए.द्वितीय | 3432 | प्रथम |
| रश्मि | बी.ए.प्रथमवर्ष | 8083 | द्वितीय |
| विजयकुमार | बी.ए.अंतिमवर्ष | 17 | तृतीय |
| निलेश | बी.ए.प्रथमवर्ष | 8352 | सांत्वना |















# लघु कथा लेखन में 65 विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

माई सिटी रिपोर्टर

रोहतक। श्री लाल नाथ हिंदू महाविद्यालय के हिंदी विभाग की ओर से वीरवार को लघु कथा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता का विषय भ्रष्टाचार, भ्रूण हत्या, राजनीतिक भ्रष्टाचार, कोरोना महामारी, मानवीय संबंध जैसी समसामयिक विसंगतियां रही। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. रश्मि छाबड़ा ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों के ज्ञान, बुद्धि और चिंतन शक्ति में वृद्धि के साथ-साथ सामाजिक जागरूकता भी बढ़ती है। विभागाध्यक्ष डॉ. अंजू ने बताया कि कथाकार समाज का आइना होता है।



हिंदू कॉलेज में आयोजित लघु कथा लेखन प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी। विज्ञप्ति

इस प्रतियोगिता में 65 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ. सुमन रानी, किरण व अनीता ने निभाई। इस अवसर पर डॉ. सुमन, चंद्रिका, किरण, अनीता सहित अन्य प्राध्यापक मौजूद रहे।

# पत्रकारिता दिवस

## भाषण प्रतियोगिता

## 30 मई, 2022

## श्री लाल नाथ हिन्दू कॉलेज, रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक द्वारा मान्यता प्राप्त
स्नातकोत्तर / स्नातक सहशिक्षा महाविद्यालय, स्थित भिवानी रोड, रोहतक |
(NAAC द्वारा 'B' (2.74) ग्रेड प्राप्त)

" हिंदी पत्रकारिता दिवस" के उपलक्ष्य में
हिंदी विभाग द्वारा आयोजित
भाषण प्रतियोगिता

**दिनांक : 30 मई, 2022**

**प्रतियोगिता के नियम :**

1. **स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर के छात्र ही भाग ले सकते हैं ।**
2. **भाषण का समय 3-4 मिनट मान्य होगा।**
3. **निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम व मान्य होगा।**
4. **प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय आने वाले छात्रों को प्रमाणपत्र दिए जाएंगे।**
5. **भाषा का माध्यम हिंदी होगा।**

आयोजन समिति
डॉ. अंजु देशवाल (विभागाध्यक्षा)
डॉ. सुमन रानी, सुश्री चन्द्रिका,
श्रीमती किरण, श्रीमती अनीता

प्राचार्या
डॉ. रश्मि छाबड़ा

महाविद्यालय के "हिंदी विभाग" द्वारा "पत्रकारिता दिवस" के अवसर पर बच्चों को पत्रकारिता से अवगत कराने के लिए भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।जिसके विषय "आधुनिक पत्रकारिता के विभिन्न आयाम" ,"वर्तमान के संदर्भ में पत्रकारिता की स्वतंत्रता", "हिंदी भाषा के विकास में पत्रकारिता का योगदान", "पत्रकारिता का बदलता स्वरुप", "बाजारवाद और पत्रकारिता"एवं "राजनीति और पत्रकारिता" रहे।भाषण प्रतियोगिता से छात्रों में ज्ञान वृद्धि, बौद्धिक विकास और आत्मविश्वास के साथ-साथ वाचन कौशल में भी वृद्धि होती है।इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय के विभिन्न संकायों से 15 प्रतिभागियों ने सहभागिता की।प्रथम ,द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेताओं को प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया।डॉ अंजू देसवाल एवं कुमारी चंद्रिका के दिशा निर्देशन में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ सुमन रानी, किरण देवी एवं अनिता देवी ने निभा

| नाम | कक्षा | श्रेणी |
|---|---|---|
| अनुज | बी.ए. अंतिमवर्ष | प्रथम |
| हर्षित | बी.ए.अंतिमवर्ष | द्वितीय |
| पूजा | बी.ए.अंतिमवर्ष | द्वितीय |
| उर्वशी | बी.ए.अंतिमवर्ष | तृतीय |
| वर्षा | बी.ए.द्वितीयवर्ष | तृतीय |







प्रतियोगिता के विजेताओं के साथ स्टाफ सदस्य।

# पत्रकारिता दिवस पर कालेज में भाषण प्रतियोगिता आयोजित

रोहतक, 30 मई (दीपक) : लाल नाथ हिंदू कालेज में सीनियर प्रोफेसर डा. नीलम मग्गू की अध्यक्षता में पत्रकारिता दिवस के अवसर पर हिंदी विभाग द्वारा भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

जिसके विषय आधुनिक पत्रकारिता के विभिन्न आयाम, वर्तमान के संदर्भ में पत्रकारिता की स्वतंत्रता, हिंदी भाषा के विकास में पत्रकारिता का योगदान, पत्रकारिता का बदलता स्वरुप, बाजारवाद और पत्रकारिता, राजनीति और पत्रकारिता रहे।

डा. नीलम मग्गू ने कहा कि विश्व ने पत्रकारिता को अपना अभिन्न और महत्वपूर्ण अंग माना है। साथ ही लोकतंत्र में इसको चौथे स्तंभ के रूप में जाना जाता है। इस तरह की प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों में ज्ञान वृद्धि, बौद्धिक विकास और आत्म विश्वास के साथ वैचारिक क्षमता की क्षमता में भी वृद्धि होती है। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए हमें विभिन्न अवसरों पर इस तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन करते रहना चाहिए।

विभागाध्यक्षा डा. अंजू देसवाल ने बताया कि पत्रकारिता संप्रेषण का एक सशक्त माध्यम है।

महाविद्यालय में आयोजित इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय के विभिन्न संकायों से 15 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अनुज बी.ए. तृतीय वर्ष, द्वितीय स्थान हर्षित बी.ए अंतिम वर्ष एवं पूजा बी.ए अंतिम वर्ष, तृतीय स्थान उर्वशी बी.ए. अंतिम वर्ष एवं वर्षा बी.ए द्वितीय वर्ष ने प्राप्त किया।

निर्णायक मंडल की भूमिका डा. सुमन रानी, अनीता एवं किरण ने निभाई। अंत में डा. अंजू देसवाल ने सभी विजेता प्रतिभागियों को बधाई दी और भविष्य में इस तरह की प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया।

s